तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, शनिवार 2 मई 2026



13 भीषण गर्मी ने बढ़ाया जल संकट, जंगलों में सूखते...





14 सभी समाज के लोग एक साथ बोरे-बासी खाकर दिया...






## खबर संक्षेप

### अनुभव जैन कांग्रेस महामंत्री बनाए गए

**नवापारा-राजिम।** अनुभव जैन को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का महामंत्री बनाया गया है। अपने



नियुक्ति पर उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व विधायक धनेन्द्र साहू, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामा यादव तथा समस्त कांग्रेसजनों के प्रति आभार व्यक्त किया। कहा कि सभी वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के सहयोग से संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए सतत प्रयास करेंगे।

### रोहिना और सेम्हराडीह मार्ग का भूमिपूजन आज

**छुईहा बेलर।** 2 मई शनिवार को ग्राम रोहिना एवं ग्राम सेम्हराडीह मार्ग के उन्नयन कार्य का शुभारंभ



किया जा रहा है। 1.21 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाले इस सड़क प्रोजेक्ट से ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग पूरी होने जा रही है। भाजपा मंडल अध्यक्ष गोपी ध्रुव ने बताया कि इस मार्ग के उन्नयन कार्य की कुल लागत 121.48 लाख रुपये है। इस परियोजना के तहत 1.00 किलोमीटर लंबी सड़क का कायाकल्प किया जाएगा। इस विकास कार्य से न केवल ग्रामीणों का आवागमन सुलभ होगा, बल्कि व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। आज शाम 4 बजे आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रोहित साहू विधायक, राजिम,अध्यक्षता इंद्राणी नेहरू साहू ▶▶| शेष पेज 12 पर

### उदंती सीतानदी अभयारण्य के अतिक्रमणकारियों की दलील, पुरखों की जमीन पर कर रहे काश्तकारी

# 166 आरोपियों ने खुद को बताया प्रकृति प्रेमी उपनिदेशक बोले- कोर्ट में होगा सच का फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

हरिभूमि लगातार

जिस डिजिटल साक्ष्य के सहारे उदंती सीतानदी अभयारण्य प्रशासन 510 करोड़ की 850 हेक्टेयर भूमि से अवैध कब्जा हटाने में सफल हुआ था, अब उसे अतिक्रमणकारी चुनौती दे रहे हैं। 265 एकड़ में फैले हजारों पेड़ों की अवैध कटाई के बाद अतिक्रमण करने वाले 166 आरोपियों ने लिखित जवाब में कहा हम प्रकृति प्रेमी, पुरखों के द्वारा काबिज जमीन पर काश्तकारी करते आ रहे हैं। हमने अभयारण्य क्षेत्र में कोई नियम नहीं तोड़ा है उदंती सीतानदी अभयारण्य के सीतानदी रेंज में जैतपुरी से लगे इलाके में विगत 15 वर्षों में हजारों पेड़ों की कटाई कर 265 एकड़ वन भूमि पर काबिज आरोपी आज एकसाथ उदंती सीतानदी अभयारण्य के दफ्तर पहुंचे। आरोपियों ने अपने लिखित जवाब में अवैध कब्जा के आरोप को खारिज कर डिजिटल साक्ष्य को नकारने की कोशिश की अतिक्रमणकारियों की ▶▶| शेष पेज 12 पर





सीतानदी रेंज के जैतपुरी गाव के 166 अतिक्रमणकारी अब खाएंगे जेल की हवा

सैटेलाइट और ड्रोन से खुली 1 लाख पेड़ कटाई की साजिश, 166 अतिक्रमणकारियों पर कानूनी शिकंजा

### अब कोर्ट में होगी सुनवाई

मामले में उपनिदेशक वरुण जैन ने कहा कि पर्याप्त डिजिटल साक्ष्य के आधार पर कार्यवाही की गई है। 2005 के बाद 2010 से 2022 के बीच सारे कटाई हुई है, सेटलाइट से जारी इमेजरी में इसका खुलासा हुआ है। 2011 तक 45 हेक्टेयर में कटाई हुई थी वही 10 साल बाद बढ़ कर 106 हेक्टेयर हो गया. पेड़ों के ठूठ और जलाए गए अवशेष का पंचनामा कर साक्ष्य जुटाए गए हैं। सभी 166 आरोपियों के विरुद्ध पीओआर क्रमांक 15/10,15/11,15/12 एवं 15/13 दर्ज कर वाइल्डलाइफ एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। सारे सबूतों को न्यालय में प्रस्तुत किया जायेगा। जहां सच और झूठ का फैसला हो जाएगा।



## वर्कशॉप का शटर काटकर चोरी करने की कोशिश, युवक गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

ग्राम टेंगनाबासा में बीती रात चोरी की एक वारदात टल गई। अज्ञात व्यक्ति द्वारा वाइंडिंग वर्कशॉप का शटर काटकर चोरी करने की कोशिश की जा रही थी, लेकिन ग्रामीणों की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई के चलते आरोपी को मौके से पकड़ लिया गया और पुलिस के हवाले कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम टेंगनाबासा के मुख्य मार्ग किनारे स्थित जय मां संतोषी वाइंडिंग वर्कशॉप को देर रात करीब 12 बजे निशाना बनाया गया। आरोपी शटर काटकर अंदर घुसने की कोशिश कर रहा था। उसी दौरान पड़ोसी गांव से कुछ ग्रामीण शादी समारोह से लौट रहे थे। उनकी नजर दुकान के पास संदिग्ध गतिविधि कर रहे एक व्यक्ति पर पड़ी।ग्रामीणों द्वारा आवाज लगाए जाने पर संदिग्ध व्यक्ति घबराकर अपनी मोटरसाइकिल वहीं छोड़कर पास के खेत में छिप गया। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत दुकान मालिक को सूचना ▶▶| शेष पेज 12 पर

## गैस सिलेंडर से भरा वाहन पलटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर-देवभोग नेशनल हाईवे मार्ग पर शुक्रवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। बाजाघाटी मोड़ के पास गैस सिलेंडरों से भरा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। गनीमत यह रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई और एक बड़ा खतरा टल गया। मिली जानकारी के अनुसार, वाहन देवभोग में गैस सिलेंडरों की डिलीवरी देने के बाद वापस मैनपुर की ओर आ ▶▶| शेष पेज 12 पर



## छुईहा-बहानाकाड़ी मार्ग का आज होगा भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

ग्राम पंचायत छुईहा के ग्रामीणों के लिए विकास की एक नई राह खुलने जा रही है। मुख्य सड़क से बहानाकाड़ी तक प्रस्तावित मार्ग निर्माण कार्य का भूमिपूजन 2 मई दिन शनिवार को बस स्टैंड छुईहा में भव्य रूप से किया जाएगा। उपसरपंच एवं भाजपा नेता गजेश्वर सिन्हा ने बताया कि छुईहा-बहानाकाड़ी मार्ग (लंबाई 0.80 किमी) के निर्माण के लिए शासन स्तर पर 1 करोड़ 5 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त हुई



है। इस मार्ग के बनने से ग्रामीणों को आवागमन में हो रही वर्षों पुरानी समस्या से निजात मिलेगी। भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रोहित साहू विधायक, राजिम, अध्यक्षता इंद्राणी नेहरू साहू अध्यक्ष, जनपद पंचायत फिंगेश्वर, विशिष्ट अतिथि, चन्द्रशेखर साहू, नंदनी ओंकार साहू,नंदनी कोमल ढीढी, शिवांगी चतुर्वेदी, सतीश यादव, प्रेमीन मिथलेश ध्रुव, राजू साहू, गोपी ध्रुव, विद्या गजेश्वर सिन्हा सामिल होंगे। कार्यक्रम को लेकर ग्राम पंचायत छुईहा में भारी ▶▶| शेष पेज 12 पर




## सुबह 4 बजे ही जंगल की तरफ परिवार के साथ तेंदूपत्ता तोड़ने रवाना

# हरा सोना का संग्रहण कार्य प्रारंभ, ग्रामीणों में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

वनांचल क्षेत्र के ग्रामीणों का आय का मुख्य साधन के रूप में वनोपज को माना जाता है और पूरे सालभर विभिन्न प्रकार के वनोपज के माध्यम से जीविका उपार्जन होता है ।वनोपज में काफी महत्वपूर्ण स्थान रखने वाला तेंदुपत्ता का संग्रहण कार्य मैनपुर क्षेत्र में 01 मई से प्रारंभ हो गया है। सरकार द्वारा तेन्दुपत्ता की राशि बढ़ाये जाने से ग्रामीण सुबह से उत्साह के साथ तेन्दूपत्ता तोड़ने के कार्य मे जुट गए हैं, तेन्दुपत्ता की अच्छी पैदावार इस वर्ष होने के कारण ग्रामीण काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं, ग्रामीण ईलाको के गांवों में तेन्दूपत्ता तोड़ाई के कारण दिनभर सन्नाटा पसरा रहा है ग्रामीण जंगलों की तरफ रूख कर रहे हैं। भीषण गर्मी के दिनों में धूप ज्यादा होने के कारण सुबह 4 बजे से ही तेन्दूपत्ता तोड़ने में उन्हे ज्यादा आसानी होती है और दोपहर एक बजे तक घर पहुंचकर तेन्दूपत्ता को गड्डी बनाकर फड़ो मे लाने का सिलसिला जारी हो जाता है।



**आय का बड़ा जरिया तेंदुपत्ता संग्रहण-** हरा सोना कहलाने वाले तेन्दुपत्ता संग्रहण शुरू हो गई है। हर साल गर्मी के सीजन में वनांचल में निवास करने वाले हजारो लाखो परिवारो को तेन्दुपत्ता तोडाई से रोजगार मिलता है सुबह से ही लोग परिवार के साथ जंगल में निकल जाते है और तेन्दुपत्ता एकत्रित करते है‍ उनकी आय का बड़ा जरिया तेन्दुपत्ता संग्रहण है। ज्ञात हो कि ग्राम हरदीभाठा, मैनपुर, गोपालपुर, भाठीगढ़, देहारगुड़ा, जाड़ापदर, जिड़ार, कुल्हाड़ीघाट, तुहामेटा, बोईरगांव, कोकड़ी, गरहाडीह, तौरेंगा, शोभा, गौरगांव, अड़गड़ी, गोना, कुचेंगा, भुतबेड़ा, फरसरा, धरनीधोड़ा, झरगांव, बुरजाबहाल क्षेत्र के ग्रामों में हरा सोना संग्रहण कार्य प्रारंभ हो गई है, और सुबह से ग्रामीण हरा सोना एकत्र करने जंगल के तरफ निकल पड रहे है।



प्रदेश के डीजीपी नक्सल मुक्त होने के बाद पहली बार पहुंचे देवभोग

# चुनौतियों से निपटने के लिए सतर्क और तैयार रहना जरूरी : डीजीपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

छत्तीसगढ़ पुलिस के महानिदेशक अरुण देव गौतम ने शुक्रवार को गरियाबंद जिले का औचक निरीक्षण किया। नक्सल मुक्त होने के बाद यह उनका जिले का पहला दौरा था, जिसे सुरक्षा और प्रशासनिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। निरीक्षण के दौरान डीजीपी ने जिले के अंतिम छोर तक पहुंचकर विशेष रूप से पूर्व में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लिया। उन्होंने सबसे दूरस्थ थाना देवभोग का भी औचक निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



डीजीपी गौतम ने अधिकारियों और पुलिसकर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि नक्सल मुक्त होने के बाद नई चुनौतियां सामने आती हैं, जिनसे निपटने के लिए सतर्क और तैयार रहना जरूरी है। उन्होंने जनता को बेहतर और भरोसेमंद पुलिसिंग सेवा देने पर जोर देते हुए पुलिस बल का मनोबल भी बढ़ाया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक नीरज चंद्राकर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धीरेंद्र कुमार पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक करण कुमार ऊके सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# हरा सोना तेंदूपत्ता खरीदी का शुभारंभ

**सुरसाबांधा।** वनों से प्राप्त बहुमूल्य उत्पाद हरा सोना के रूप में प्रसिद्ध तेंदूपत्ता की खरीदी का शुभारंभ शुक्रवार को ग्राम लोहरसी में विधिवत रूप से किया गया। संयोगवश अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस होने के कारण कार्यक्रम को विशेष महत्व मिला और तेंदूपत्ता संग्राहकों मजदूरों के सम्मान के साथ खरीदी कार्य प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पूजा-अर्चना के साथ की गई, जिसके पश्चात संग्राहकों से तेंदूपत्ता खरीदी शुरू की गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्र के मजदूरों के लिए आय का प्रमुख स्रोत है। मजदूर दिवस के अवसर पर उनके परिश्रम, समर्पण और योगदान को नमन करते हुए उन्हें इस हरे सोने के वास्तविक संरक्षक बताया गया। वन विभाग एवं संबंधित समिति द्वारा संग्राहकों को निर्धारित दर पर खरीदी, गुणवत्ता मानक, पत्तों के सही संग्रहण एवं बंडल बनाने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही यह भी आश्वासन दिया गया कि संग्राहकों को समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा, जिससे उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न हो। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने कहा कि शासन की योजनाओं के माध्यम से मजदूरों एवं संग्राहकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। सभी संग्राहकों से अधिक से अधिक तेंदूपत्ता संग्रह कर लाभ उठाने की अपील भी की गई। कार्यक्रम में ग्राम के जनप्रतिनिधि, वन समिति के सदस्य, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में संग्राहक उपस्थित रहे।



## पेज 11 के शेष...

### 166 आरोपियों ने...

दलील है कि गृह ग्राम जैतपुरी से लगे कक्ष क्रमांक 324 उनके निजी भूमि क्षेत्र के सीमा में आता है. अपने आप को प्रकृति प्रेमी बताते हुए कहा कि काबिज उनके पूर्वजों ने किया, उनके द्वारा दी गई काबिज भूमि पर ही वे काश्तकारी कर रहे हैं. आगे लिखा है कि कक्ष क्रमांक में हमेशा सुरक्षा गार्ड तैनात हैं, ऐसे में उनके द्वारा कोई कटाई-सफाई नहीं किया गया है। वही दूसरी ओर उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरुण जैन ने बताया कि जो सेटेलाइट इमेज हमारे पास मौजूद है। उसके हिसाब से सारे पेड़ 2008 के बाद काटे गए और अतिक्रमण किया गया। अब कार्रवाई से बचने के लिए पुरखौती जमीन होने की दलील दे रहे हैं। खुद को प्रकृति प्रेमी बता रहे हैं जो मनगढ़ंत है।

**510 करोड़ की भूमि हुई मुक्त-** 2008 के बाद काबिज लोगों का खुलासा 2022 से होना शुरू हुआ, जब उदंती सीतानदी अभयारण्य में उपनिदेशक बन कर वरुण जैन आए। आईटी एक्सपर्ट जैन उन्होंने ने 2023 में गूगल अर्थ की मदद से अभ्यारण का रिमोट सेंसिंग पोर्टल तैयार किया। इस पोर्टल में 20 साल से भी ज्यादा पुराना सैटेलाइट इमेजेस मौजूद है। 2006, 2008, 2010 में ली गई तस्वीरों के अध्ययन से अवैध कटाई और कब्जों का खुलासा होते गए।

**बेदखली के बाद हरियाली बहाल-** हालिया, कार्रवाई से पहले वरुण जैन ने घोरागांव, सोरमाल, बुढ़गेलटप्पा, बनवापारा, गरीबा, कोकड़ी, गोना, कांडसर, फरसरा, पीपलखुटा, कारिपानी, करलाझर नागेश इलाके से कुल 850 हेक्टेयर भूमि पर बेदखली की कार्रवाई किया। सभी में डिजिटल साक्ष्य की दलील मजबूती से कार्रवाई का ढाल बना रहा। मुक्त कराए गए जमीन की लागत 510 करोड़ आंकी गई। सभी में योजनाबद्ध तरीके से पौधरोपण और जलसंरक्षण के लिए कंटूर ट्रेंच जैसे स्ट्रक्चर का निर्माण कराया गया। अतिक्रमण से मुक्त हुई जमीन पर हरियाली बहाल हुई है।

### वर्कशॉप का शटर...

दी और आसपास के लोगों को भी इकट्ठा किया। इसके बाद ग्रामीणों और दुकान संचालक ने मिलकर खेत में छिपे व्यक्ति की घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। घटना की सूचना मिलते ही छुरा पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में लेकर थाना ले गई। पुलिस द्वारा आरोपी से पूछताछ की जा रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि वह अकेला था या किसी गिरोह के साथ मिलकर वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहा था।पुलिस के अनुसार पकड़े गए आरोपी की पहचान पुराणिक ध्रुव, निवासी खैरीझिठी, थाना छुरा के रूप में हुई है। उससे पूछताछ के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### रोहिना और सेम्हराडीह...

अध्यक्ष, जनपद पंचायत फिंगेश्वर, विशिष्ट अतिथि,चन्द्रशेखर साहू महामंत्री, भाजपा जिला गरियाबंद, नंदनी ओंकार साहू सभापति, जिला पंचायत गरियाबंद, नंदनी कोमल ढीढी सभापति, जिला पंचायत गरियाबंद, शिवांगी चतुर्वेदी सभापति, जिला पंचायत गरियाबंद, सतीश यादव उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत फिंगेश्वर, नीतू चित्रसेन साहू जनपद सदस्य, फिंगेश्वर, राजू साहू (अध्यक्ष, महाविद्यालय फिंगेश्वर, गोपी ध्रुव (अध्यक्ष, भाजपा मण्डल कोपरा, रूपेश साहू सरपंच, ग्राम पंचायत रोहिना। मार्ग उन्नयन के इस कार्यक्रम को लेकर ग्राम रोहिना और सेम्हराडीह के निवासियों सहित क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है। बड़ी संख्या में ग्रामवासी इस भूमिपूजन अवसर पर साक्षी बनने के लिए कार्यक्रम स्थल पर जुटेंगे। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए सभी को इस समारोह में शामिल होने का निमंत्रण दिया है।

### गैस सिलेंडर से...

रहा था। नेशनल हाईवे पर स्थित बाजाघाटी मोड़ के पास चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और ट्रक सड़क किनारे पलट गया। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। राहत की बात यह रही कि वाहन में लदी सभी गैस टंकियां खाली थीं। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि यदि वाहन में भरे हुए सिलेंडर होते, तो बड़ा विस्फोट हो सकता था और जान-माल का भारी नुकसान होने की आशंका थी। घटना के वक्त वाहन में मौजूद चालक और परिचालक सुरक्षित बताए जा रहे हैं।

### छुईहा-बहानाकाड़ी...

उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन में पंचगणों सहित रामाधार साहू, रामजी साहू, ओमप्रकाश साहू, इतवारी सिन्हा, मोती राम तारक, भागवत सिन्हा, रामलाल ध्रुव, रामनारायण सिन्हा और खोमन साहू सहित क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता व समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहेंगे। स्थानीय प्रशासन ने सभी क्षेत्रवासियों को इस गरिमामय आयोजन में शामिल होने की अपील की है।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130






## खबर संक्षेप



### विधायक के नेतृत्व में रमन सिंह को किया आमंत्रित

**पाण्डुका।** ग्राम केडीआमा (रमनपुर) विकास खंड छुरा जिला गरियाबंद के 19 वी स्थापना दिवस के प्रस्तावित कार्यक्रम में राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित के नेतृत्व में ग्राम केड़ीआमा के वरिष्ठ जनो के साथ एवम जिला गरियाबंद के सम्मानित जनप्रतिनिधियों के साथ छतीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंग को आमंत्रित करने के लिए भेंट किए। इस दौरान भाजपा जिला प्रवक्ता एवं जिला पंचायत सभापति शिवांगी चतुर्वेदी, नगर पंचायत अध्यक्ष गरियाबंद रिखी राम यादव, कोपरा नगर पंचायत अध्यक्ष रूपनारायण साहू, नगर पंचायत उपाध्यक्ष आसीफ मेमन, रामजी साहू, रामनाथ साहू, सुरेश पटेल, दीनदयाल श्रीवास, सहित आदि लोग उपस्थित थे।

### वन विभाग की तैयारी नाकाफी, जंगल में पानी का संकट, वन्यजीव बेहाल

# भीषण गर्मी ने बढ़ाया जल संकट, जंगलों में सूखते जलस्रोत, वन्यजीवों की बढ़ीं मुश्किलें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले में भीषण गर्मी का असर अब गरियाबंद वन मंडल एवं उदंती सीतानदी टाइगर रिज़र्व क्षेत्र के जंगल और गांव दोनों पर साफ दिखने लगा है। एक ओर जंगलों में वन्यजीव पानी की तलाश में भटक रहे हैं, तो दूसरी ओर ग्रामीण भी निस्तारी पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। हालात यह हैं कि प्राकृतिक जलस्रोत सूखने से संकट दिन-ब-दिन गहराता जा रहा है। वन क्षेत्र के अधिकांश तालाब, नाले और छोटे जलस्रोत सूख चुके हैं। कई जगहों पर सिर्फ कीचड़ या नमी ही बची है। पानी की कमी के कारण जंगली जानवरों को लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है, जिससे उनकी हालत कमजोर होती जा रही है। स्थिति यह भी बन रही है कि पानी की तलाश में वन्यजीव अब आबादी वाले इलाकों की ओर रुख कर सकते हैं, जिससे मानव-वन्यजीव संघर्ष का खतरा बढ़ गया है। इधर ग्रामीण क्षेत्रों में भी हालात कम गंभीर नहीं हैं। गांवों के कुएं, हैंडपंप और तालाब सूखने की कगार पर हैं। लोगों को रोजमर्रा के उपयोग नहाने, धोने और पशुओं के लिए पानी जुटाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि गर्मी शुरू होते ही हर साल यह समस्या आती है, लेकिन इस बार पानी का स्तर तेजी से गिरा है।



**पानी भरने की समुचित व्यवस्था-** उदंती सीतानदी टाइगर रिज़र्व उप निदेशक वरुण जैन ने बताया की वन्य जीव के लिए नदी में झिरिया बनाया गया है। इसी में वन्य जीव पानी पीते हैं, इसके अलावा सोलर पंप के माध्यम से जलश्रोत में पानी भरने की व्यवस्था किया गया है।

**वन विभाग की तैयारी पर उठे सवाल-** हर साल गर्मी से पहले वन विभाग द्वारा जलस्रोतों की मरम्मत, टैंकर से पानी भरने और कृत्रिम टैंक बनाने के दावे किए जाते हैं, लेकिन इस बार जमीनी स्तर पर कोई खास व्यवस्था नजर नहीं आ रही है। कई स्थानों पर बनाए गए पानी के टैंक सूखे पड़े हैं या उनकी देखरेख नहीं हो रही है। इससे वन्यजीवों को राहत नहीं मिल पा रही है।



**दोहरी मार से बढ़ा संकट-** जंगल में वन्यजीव और गांव में इंसान दोनों ही पानी की कमी से परेशान हैं। यह स्थिति न केवल पर्यावरणीय संतुलन के लिए खतरा है, बल्कि आने वाले दिनों में बड़े संकट का संकेत भी है। विशेषज्ञों और स्थानीय लोगों का कहना है कि समय रहते जलस्त्रोतों को पुनर्जीवित करना, टैंकर से नियमित पानी आपूर्ति और स्थायी समाधान पर काम करना जरूरी है। गरियाबंद में पानी का संकट अब केवल जंगल तक सीमित नहीं रहा, बल्कि गांवों तक फैल चुका है। यदि जल्द ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो वन्यजीवों के साथ-साथ आम लोगों की मुश्किलें भी और बढ़ सकती हैं।

## हाई स्कूल घटकर्रा का परीक्षाफल उत्कृष्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाण्डुका



शासकीय हाई स्कूल घटकर्रा का कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 100% रहा। इस वर्ष 15 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त कर विद्यालय की गरिमा को कायम रखा। विद्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान पर *कु. वीणा पिता नीलकमल साहू आसरा ने 96% % अंक अर्जित किया। द्वितीय स्थान पर कु. देविका पिता ईश्वर लाल साहू घटकर्रा ने 94% अंक अर्जित किया तृतीय स्थान पर कु वंदना पिता महेंद्र निर्मलकर घटकर्रा ने 89% % अंक अर्जित की चतुर्थ में कु. मेघा पिता गौतम साहू आसरा 89%,पांचवा कु. रीना पिता चित्रसेन निर्मलकर घटकर्रा 88%रही। पालक सदस्य से ईश्वर लाल साहू और चित्रसेन निर्मलकर ने विद्यालय आकर सभी को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दिए।

### बोर्ड परीक्षा में भोजराज देविका ने लहराया परचम





**पाण्डुका।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड द्वारा आयोजित 10वीं और 12वीं परीक्षा फल में गांव के बेटीयों ने जिस तरह अपने मेहनत का परचम लहराया है। तो बेटे भी पीछे नहीं है अच्छे अंक प्राप्त कर अपने परिवार का मान बढ़ाया है। इसी तरह हाईस्कूल घटकर्रा (पचपेड़ी) में अध्ययनरत कुमारी देविका पिता ईश्वर साहू ने 10 वीं बोर्ड में 93.5% अंक हासिल कर परिवार को गौरान्वित किया। तो दूसरी तरफ बी एस आर्य पब्लिक स्कूल अमलीडीही में अध्ययनरत 10 वीं का छात्र ग्राम अतरमरा निवासी भोजराज सेन पिता सुरेंद्र सेन ,मां शिक्षिका चंपा सेन के परिवार का सर ऊंचा किया है। भोजराज ने भी बोर्ड की परीक्षा में 92 लाकर परिवार का मान बढ़ाया है, दोनों बच्चों ने इस कामयाबी के पीछे अपने गुरुजनों वा मम्मी पापा सहित पूरे परिवार का आशीर्वाद बताया।

### वर्षा नेताम ने 5वीं बोर्ड में हासिल किए 90% अंक



**मैनपुर।** जिला प्राथमिक परीक्षा परिणाम घोषित हो गया है जिसमें भारत माता इंग्लिश मीडियम स्कूल डोहेल की छात्र कुमारी वर्षा नेताम ने 90 प्रतिशत अंक अर्जित कर स्कूल का नाम रौशन किया है। वर्षा नेताम के इस परीक्षा फल के पीछे कड़ी मेहनत व लगन है वर्षा नेताम ने बताया कि वे अच्छे से पढ़ाई कर जज बनने का लक्ष्य लेकर चल रही है उनका मुख्य लक्ष्य जज बनना है वर्षा नेताम प्रारम्भिक कक्षा से ही होनहार छात्र रही है एवं उनके पिता मनमोहन नेताम पेशे से मीडिया कर्मी है। एवं माता- लक्ष्मी देवी नेताम गृहणी है।



### टॉपर विद्यार्थियों का सम्मान विधायक ने बढ़ाया हौसला

**राजिम।** शुक्रवार को विधायक रोहित साहू के निवास में कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के टॉपर विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के टॉपर छात्र-छात्राओं को पुष्पगुच्छ, श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान विधायक निवास का माहौल उत्साह और गौरव से भरा रहा, जहां अभिभावकों और गणमान्य नागरिकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। विधायक रोहित साहू ने विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए कहा कि यह सफलता केवल छात्रों की मेहनत का परिणाम नहीं है, बल्कि उनके माता-पिता और शिक्षकों के मार्गदर्शन का भी प्रतिफल है। कहा कि इन होनहार विद्यार्थियों ने न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे नगर और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए आगे भी इसी तरह परिश्रम और लगन से पढ़ाई जारी रखने की प्रेरणा दी। श्री साहू ने कहा कि शिक्षा ही वह मजबूत आधार है, जिसके सहारे कोई भी व्यक्ति अपने जीवन में ऊंचाइयों को छू सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे अपने लक्ष्य को स्पष्ट रखें और कठिन परिश्रम के दम पर उच्च पदों तक पहुंचकर समाज और देश की सेवा करें। इस अवसर पर सुश्री छाया राही, भाजपा नेत्री देवकी साहू, मधु नत्थानी,विधायक प्रतिनिधि विजय कंड़रा सहित गणमान्य नागरिक एवं मातृशक्तियां मौजूद थी।

## वनांचल में तेंदूपत्ता तोड़ाई करने ग्रामीण जुटे





हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव (कोरासी)

छत्तीसगढ़ में आदिवासियों का 'हरा सोना' कहे जाने वाला तेंदूपत्ता तोड़ाई कार्य 1 मई, शुक्रवार से शुरू हो गया है। आदिवासी वनांचल क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम मुड़ागांव, अकलवारा, फिंगेश्वरी, सोरिद खुर्द, अमेठी, नवाडीही, कसेकेरा, साजापाली, गोदलाबाहरा, भैरा, नवापारा, करचाली, देवसरा, द्वारतरा, बम्हनी, कुरेकेरा, खड़मा, कोरासी, मड़ेली, जरगांव, रवेली, गिधनी, पीपरछेड़ी, बोईरगांव, कनेसर, जुनवानी, ओनवा, खैरझिटी सहित आसपास के गांवों में तेंदूपत्ता संग्रहण प्रारंभ हो चुका है। तेंदूपत्ता संग्रहण के लिए वनवासी सुबह से ही अपने परिवार के साथ जंगलों की ओर रुख कर रहे हैं। इन क्षेत्रों में तेंदूपत्ता ग्रामीणों के लिए आय का प्रमुख स्त्रोत है, जिसका उपयोग बीड़ी निर्माण में किया जाता है। वन विभाग द्वारा तोड़ाई के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्व में ही पूरी कर ली गई थीं, जिसके तहत निर्धारित तिथि से संग्रहण कार्य शुरू किया गया। ग्रामीण उत्साह के साथ इस कार्य में जुटे हुए हैं और परिवार सहित तेंदूपत्ता तोड़ने में व्यस्त हैं। हालांकि, बीते कुछ दिनों से बढ़ती गर्मी, तेज धूप और मौसम में हो रहे लगातार उतार-चढ़ाव के कारण तेंदूपत्ता संग्रहण प्रभावित होने की आशंका भी जताई जा रही है, जिससे लघु वनोपज सहकारी समितियों को नुकसान उठाना पड़ सकता है। तेंदूपत्ता की खरीदी वन समितियों के माध्यम से की जाएगी। वहीं, संग्रहण कार्य में सहयोग के लिए मध्यप्रदेश से भी संग्राहक यहां पहुंच रहे हैं।



संकलनकर्ता- भागीरथी सिन्हा, हरिभूमि संवाददाता, छुईया मो. 9589469068

## खबर संक्षेप

### स्कूल सफाई कर्मचारियों की बैठक 4 को

**डांडेसरा(धमतरी)।** अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी कल्याण संघ जिला धमतरी की बैठक 4 मई सोमवार को सुबह 10 बजे रूद्रेश्वर महादेव घाट रूद्री में रखी गई है। संघ के जिलाध्यक्ष लोकेश्वर कुमार साहू, जिला मीडिया प्रभारी टिकेश्वर साहू एवं जिला सोशल मीडिया प्रभारी दयानंद साहू ने बताया कि बैठक में संघ से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की जायेगी। कुरूद ब्लाक अध्यक्ष नूतन कुमार साहू, धमतरी ब्लाक अध्यक्ष गोपाल पवार, नगरी ब्लॉक अध्यक्ष रविशंकर चेलक एवं मगरलोड ब्लाक अध्यक्ष ओमप्रकाश सेन ने ब्लॉक के सभी सदस्यों से उपस्थित होने की अपील की है।

### प्रयास में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा 10 को

**धमतरी।** प्रयास बालक-कन्या आवासीय विद्यालयों में शिक्षा सत्र 2026-27 में कक्षा नवमी में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा 10 मई को आयोजित की जाएगी। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि प्रवेश पत्र विभाग की वेबसाईट पर अपलोड किया गया है। परीक्षार्थी उक्त वेबसाईट पर जाकर प्रवेश पत्र 9 मई तक प्राप्त कर सकते हैं। प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में बाद नवीनतम रंगीन पासपोर्ट आकार के फोटो सहित प्रिंट आउट लेकर परीक्षा केन्द्र में उपस्थित होना होगा। सहायक आयुक्त ने यह भी बताया कि परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने के एक घंटे पूर्व परीक्षा केन्द्र में उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

### बुद्ध पूर्णिमा पर मां दुर्गा की महाआरती की गई

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में बुद्ध पूर्णिमा के मौके पर पवन पटेल के घर में मां दुर्गा की महाआरती की गई। बुद्ध पूर्णिमा वैशाख मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है। एक प्रमुख और पवित्र पर्व है, जो भगवान गौतम बुद्ध के जीवन और उनके उपदेशों को समर्पित होता है। यह दिन लोगों को शांति, करुणा और सादगी का संदेश देता है। इस अवसर पर लोगों ने पूजा-पाठ, ध्यान और दान किया। मां दुर्गा की महाआरती पर रंजीत, दिलीप, राधे, राहुल, झरना, हीराबाई, लक्ष्मीचंद, दुलार, परशुराम उपस्थित रहे।

### प्रायोगिक परीक्षा 8 मई को

**कुरूद।** संतगुरु घासीदास कालेज में बीसीएस चतुर्थ सेमेस्टर रसायन शास्त्र, डीएससी, डीएसई, जीई के नियमित, भूतपूर्व, एटीकेटी परीक्षार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा 8 मई को प्रातः 10 बजे निर्धारित की गई है। इसी प्रकार एमएससी द्वितीय सेमेस्टर माईक्रोबायोलाजी की प्रायोगिक परीक्षा 8 मई को ही प्रातः 9 बजे होगी। परीक्षार्थी निर्धारित तिथि एवं समय पर प्रायोगिक फाइल, लेखन सामग्री के साथ उपस्थित होंगे।

### सिन्हा समाज के नवीन भवन का भूमिपूजन आज

**धमतरी।** कलार समाज मंडल धमतरी द्वारा रत्नाबांधा रोड स्थित सिन्हा समाज भवन परिसर में नवीन भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन आज एक मई को सुबह 10 बजे किया जाएगा। लगभग 30 लाख रुपये की लागत बनने वाला यह भवन समाज के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं पारिवारिक आयोजनों का प्रमुख केंद्र बनेगा।

**मजदूर दिवस :** रोहिना, लोहरसी और पसौद सहित कई गांवों में बोरे-बासी तिहार मनाया गया

# जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से बैठकर बासी का लिया आनंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

जिले में एक मई को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर पारंपरिक भोजन बोरे-बासी खाकर श्रमिकों को विशेष सम्मान दिया गया। यह पहल राज्य की संस्कृति, स्वाभिमान और मेहनत का जश्न मनाने के लिए की जाती है जिस परंपरा को आगे बढ़ते हुए ग्राम कसेरुडीह, ग्राम सेम्हरतरा, ग्राम रोहिना, ग्राम लोहरसी, ग्राम पसौद जैसे कई गावों में इस दिवस को धूमधाम से मनाया। दिलीप साहू जनपद सभापति ग्राम पसौद ने कहा की बोरे-बासी छत्तीसगढ़ के मेहनतकश लोगों का पारंपरिक भोजन है, जो गर्मी में शरीर को ठंडक और ऊर्जा देता है। आगे कहा यह आयोजन छत्तीसगढ़िया अस्मिता से जुड़कर श्रमिकों की जांगरतोड़ (कड़ी) मेहनत को सम्मान देने का एक तरीका है। सुंदर साहू पूर्व सरपंच सेम्हरतरा ने कहा की पूर्व सरकार और नागरिकों ने मिलकर एक मई को 'बोरे-बासी दिवस' के रूप में मनाने की परंपरा शुरू की है। चंद्रशेखर साहू कसेरुडीह ने कहा की आम लोगों के साथ-साथ जनप्रतिनिधि, अधिकारी और कलेक्टर जैसे प्रशासनिक अधिकारी भी मजदूरों के साथ बैठकर बोरे-बासी का स्वाद लेते हैं। राजकुमार यादव लोहरसी ने कहा की इसमें चावल, पानी, दही या मट्ठा, भाजी चेंच/करमता इमली की चटनी और मड़िया पेज शामिल होते है।







## बोरे बासी किसान और मजदूरों का मुख्य आहार

**गरियाबंद।** अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर गरियाबंद जिले में कांग्रेस नेताओं ने पारंपरिक छत्तीसगढ़िया अंदाज में बोरे-बासी खाकर श्रमिक दिवस मनाया। नेताओं के इस अनोखे अंदाज की तस्वीरें सोशल मीडिया पर भी तेजी से वायरल हो रही हैं, जिसने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। इस



मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुखचंद बेसरा, कांग्रेस कार्यालय प्रभारी नीरज ठाकुर जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम और पार्षद छगन यादव ने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बोरे-बासी केवल भोजन नहीं, बल्कि मेहनतकश वर्ग के सम्मान और उनकी



जीवनशैली का प्रतीक है। पार्षद छगन यादव ने कहा कि बोरे-बासी छत्तीसगढ़ के किसान और मजदूरों का सदियों पुराना मुख्य आहार रहा है, जिसे अब नई पहचान मिल रही है। उन्होंने इसे गर्मी के मौसम में "अमृत" बताते हुए कहा कि इसमें प्रचुर मात्रा में पोषक तत्व और विटामिन होते हैं, जो शरीर को ठंडक के साथ-साथ ऊर्जा भी प्रदान करते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि यह परंपरा अब गांवों की सीमाओं से निकलकर शहरों तक



पहुंच चुकी है। स्कूलों, दफ्तरों और विभिन्न सामाजिक आयोजनों में भी बोरे-बासी को अपनाया जा रहा है, जिससे नई पीढ़ी अपनी जड़ों और सांस्कृतिक विरासत से जुड़ रही है। उन्होंने कह की यह केवल भोजन नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और श्रमिक सम्मान का जीवंत प्रतीक बन चुका है।

## सभी समाज के लोग एक साथ बोरे-बासी खाकर दिया एकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

नगर में 1 मई विश्व मजदूर दिवस एवं छत्तीसगढ़ राज्य के सुशासन तिहार के पावन अवसर पर देश के मजदूरों, गरीबों एवं किसानों के सम्मान में एक सराहनीय सामाजिक आयोजन हुआ। इस अवसर पर राजिम नगर के किसान पुत्रों द्वारा सामाजिक नेता लाला साहू के निवास पर पारंपरिक बोरे-बासी भोज का आयोजन किया गया। इस आयोजन की विशेषता यह रही कि सर्व समाज के लोग बिना किसी भेदभाव के एक साथ बैठकर बोरे-बासी खाने का आनंद लेते नजर आए। आमतौर पर बोरे-बासी लोग अपने घरों में ग्रहण करते हैं, किंतु इस दिन इसे सामाजिक समरसता, भाईचारे और श्रम सम्मान के प्रतीक के रूप में सामूहिक रूप से मनाया गया। बोरे-बासी के साथ आम एवं टमाटर की चटनी,अचार, चेंच भाजी, तथा छत्तीसगढ़ का प्रसिद्ध व्यंजन सालगा बड़ा की सब्जी परोसी गई। पारंपरिक स्वाद और आत्मीय वातावरण में सभी ने मिल-जुलकर भोजन किया और छत्तीसगढ़ी संस्कृति की सादगी व अपनत्व को जीवंत किया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता जितेंद्र राजू सोनकर, नगर



साहू संघ राजिम के अध्यक्ष रामकुमार साहू, राजू साहू, तरुण साहू, विष्णु साहू, सभापति आकाश सिंह राजपूत, बलराम यादव, शिवराज देवांगन, सुनील देवांगन, भूपेंद्र यादव, कुणाल गोस्वामी, इंद्रजीत कड़रा, भोला साहू, किसलाल साहू, डिगेश्वर साहू, कोमल साहू, आलोक साहू शामिल थे। सभी ने इस आयोजन की सराहना करते हुए इसे सामाजिक एकता का प्रेरणादायी उदाहरण बताया। मालूम हो कि बोरे-बासी न केवल छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान है, बल्कि यह गर्मी के मौसम में अत्यंत लाभकारी आहार भी है। यह पेट को शीतलता प्रदान करता है, पाचन क्रिया को दुरुस्त रखता है, लीवर के लिए हितकारी है तथा हृदय की कार्यप्रणाली को संतुलित रखने में सहायक माना जाता है। पौष्टिक, स्वादिष्ट एवं सुपाच्य होने के कारण आज भी छत्तीसगढ़ के लोग इसे बड़े चाव से खाते हैं। कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि परंपरा, स्वास्थ्य और सामाजिक एकता जब एक साथ आती हैं, तो समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। बोरे-बासी का यह सामूहिक आयोजन निश्चित ही आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगा।

## छुरा की महक सचदेव ने बढ़ाया मान प्रदेश की मेरिट सूची में 7वां स्थान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश मीडियम स्कूल छुरा की प्रतिभाशाली छात्रा महक सचदेव ने कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में 97% अंक प्राप्त कर प्रदेश में 7वां स्थान अर्जित किया है। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि से नगर पंचायत छुरा सहित पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों एवं नगरवासियों द्वारा उनके निवास स्थान पहुँचकर महक सचदेव को शुभकामनाएं दी गईं। अध्यक्ष महोदया ने कहा कि यह सफलता उनके कठिन परिश्रम, अनुशासन, लगन एवं प्रतिभा का परिणाम है, जिसने पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। उन्होंने आगे कहा कि महक की यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है और सभी को उनसे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना चाहिए। सभी ने महक के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आशा व्यक्त की कि वे आगे भी निरंतर सफलता के नए आयाम स्थापित करेंगी। इस अवसर पर सभापति बलराज पटेल, गरिमा ध्रुव, रजनी लहरे, जिला महामंत्री थानसिंग निषाद, नगर के व्यापारी सफर सचदेव, रिंकू सचदेव,विजय सचदेव निखिल साहू, नारायण पटेल, एवं कामनी कृपाशंकर यादव, कुश साहू सहित परिवारजन एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

## सशिमं छुरा के विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा में लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित वर्ष 2025-26 के बोर्ड परीक्षा परिणाम में सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, छुरा के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने कक्षा दसवीं और बारहवीं दोनों में उत्कृष्ट अंक अर्जित कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में हर्ष का वातावरण निर्मित हो गया और सफल विद्यार्थियों के चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दी।

विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि इस वर्ष विद्यार्थियों ने अनुशासन, नियमित अध्ययन और शिक्षकों के मार्गदर्शन में बेहतर तैयारी कर उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त किया है। विद्यालय वर्षों से संस्कारयुक्त शिक्षा के साथ शैक्षणिक गुणवत्ता के लिए जाना जाता है और इस बार भी विद्यार्थियों ने उसी परंपरा को आगे बढ़ाया है। कक्षा दसवीं में विद्यालय के टॉप विद्यार्थियों में अस्मिता साहू ने 92.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। इसके बाद साक्षी साहू ने 90.83 प्रतिशत, अंजलि यादव ने 86.33 प्रतिशत, सत्यम त्रिवेदी ने 85 प्रतिशत, लुकिता साहू ने 83.16 प्रतिशत, मानसी साहू एवं प्रेरणा यादव ने 82.33 प्रतिशत, मयंक दीवान ने 81.66 प्रतिशत,



आयुष साहू ने 76.66 प्रतिशत, रोशनी यादव ने 75.33 प्रतिशत तथा टेकेश्वरी साहू ने 72 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में स्थान बनाया।

वहीं कक्षा बारहवीं में लिपाक्षी साहू ने 85.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा ईशिका यादव ने 83 प्रतिशत, चंद्रप्रभा साहू ने 80.4 प्रतिशत, गरिमा पटेल ने 77.8 प्रतिशत, भूमिका सिन्हा ने 77 प्रतिशत, तोषण साहू ने 76.8 प्रतिशत, नम्रता साहू ने 73.6 प्रतिशत, युक्ति यादव ने 73.2 प्रतिशत, लेसिका कंवर ने 72.2 प्रतिशत तथा आस्थारानी पटेल ने 72 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय का मान बढ़ाया।

विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता केवल उनके व्यक्तिगत परिश्रम का परिणाम नहीं, बल्कि शिक्षकों की मेहनत और अभिभावकों के विश्वास का भी प्रतिफल है। विद्यालय ने आशा व्यक्त की कि आने वाले वर्षों में भी विद्यार्थी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र और विद्यालय का नाम रोशन करते रहेंगे।

## अतरमरा स्कूल के परीक्षा परिणाम घोषित



**पाण्डुका।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अतरमरा में 30 अप्रैल को सत्र 2025 -26 के परीक्षा परिणाम की घोषणा की गई। जिसमें कक्षा पहली में चित्रांश सिन्हा प्रथम, द्रोनेश सिन्हा द्वितीय, कक्षा दूसरी में ऋषभ कुमार सांवरा प्रथम, तारकेश्वरी यादव द्वितीय, कक्षा तीसरी में लेमेश कुमार प्रथम, मोनिका सांवरा द्वितीय, कक्षा चौथी में पुष्कर ध्रुव प्रथम, रिया सांवरा द्वितीय, कक्षा छठवीं में पुष्पा यादव प्रथम, पंखुड़ी तिवारी द्वितीय, कक्षा सातवीं में नव्या साहू प्रथम, अर्पिता निषाद द्वितीय स्थान पर रहे। उक्त अवसर पर येश कुमार सिन्हा उप सरपंच ग्राम पंचायत अतरमरा, जगत राम सिन्हा अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, पार्वती सिन्हा, गंगा प्रसाद तिवारी, श्री राम कुमार यादव, विद्या यादव के अलावा केएल यादव, रूप राम साहू सहित पूरा शाला परिवार उपस्थित रहा। इस अवसर पर केएल यादव ने सभा को संबोधित करते हुए आशीष वचन के रूप में बच्चों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

**सुविधाओं में विस्तार, स्वच्छता पर जोर**

# सोनतीर्थ घाट, मोक्ष की कामना लेकर पहुंच रहे प्रदेश भर के श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम की पावन धरती पर स्थित सोनतीर्थ घाट आज पूरे प्रदेश के लिए आस्था का प्रमुख केंद्र बन चुका है। यह वही स्थल है जहां दूर-दराज से लोग अपने परिजनों की अस्थियां लेकर अंतिम संस्कार की धार्मिक प्रक्रिया पूरी करने पहुंचते हैं। श्रद्धालु यहाँ पिंडदान और अस्थि विसर्जन कर अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति की कामना करते हैं। सदियों पुरानी परंपरा और विश्वास का यह संगम सोनतीर्थ घाट को विशेष पहचान दिलाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, इस पवित्र स्थल पर अस्थि विसर्जन करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है। यही कारण है कि वर्ष भर यहाँ श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहता है। सुबह से लेकर शाम तक घाट पर पूजा पाठ, मंत्रोच्चार और धार्मिक



अनुष्ठानों का सिलसिला निरंतर चलता रहता है, जिससे पूरा वातावरण श्रद्धामय बना रहता है। राजिम को धार्मिक नगरी के रूप में विशेष पहचान मिली हुई है और इसे प्रयागराज के समान दर्जा प्राप्त होने की मान्यता भी लोगों के बीच प्रचलित है। जैसे प्रयागराज में संगम तट पर अंतिम संस्कार की परंपरा निभाई जाती है, उसी तरह सोनतीर्थ घाट भी श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र बना हुआ है। शासन-प्रशासन द्वारा भी इस स्थल के विकास के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

**विकास कार्य और सुविधाओं में बढ़ोतरी**–घाट पर श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं विकसित की जा रही हैं। हाल ही में यहां एक नए भवन का निर्माण कार्य जारी है, जिससे आने वाले लोगों को और बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। इसके अलावा लंबे समय से चली आ रही पानी की समस्या का भी समाधान कर लिया गया है, जिससे श्रद्धालुओं को बड़ी राहत मिली है। हालांकि, इन सकारात्मक प्रयासों के बीच एक महत्वपूर्ण पहलू अभी भी ध्यान आकर्षित करता है घाट की साफ-सफाई। धार्मिक महत्व के इस स्थल पर स्वच्छता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। कई स्थानों पर गंदगी और अव्यवस्था दिखाई देती है, जिससे श्रद्धालुओं को असुविधा होती है और स्थल की पवित्रता भी प्रभावित होती है। स्थानीय प्रशासन और आमजन दोनों की जिम्मेदारी है कि इस पवित्र धरोहर को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाए रखें। सोनतीर्थ घाट न केवल आस्था का केंद्र है, बल्कि यह हमारी परंपराओं और संस्कृति का जीवंत प्रतीक भी है। यदि यहां सुविधाओं के साथ-साथ स्वच्छता और सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान दिया जाए, तो यह स्थल आने वाले समय में पूरे प्रदेश के लिए एक आदर्श धार्मिक पर्यटन केंद्र बन सकता है।

### सौंदर्यीकरण और पौधारोपण भी किए जाएंगे



राजिम में प्रदेश भर के लोग अस्थि विसर्जन के लिए पहुंचते है। बाहर से आने वाले सभी लोगों के लिए यहां यथोचित व्यवस्था बनाई जा रही है। सोनतीर्थ घाट की साफ सफाई पालिका द्वारा समय-समय में की जाती है। आगे चलकर यहां सौंदर्यीकरण और पौधारोपण भी किए जाएंगे।

- महेश यादव, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद राजिम

